# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**

**PROF. SANJAI MISRA**
**PRINCIPAL**
**EMAIL:** bsnvpgc1954@gmail.com
**MOB. NO.:** 0522-2635513

**DATE:** 27/02/2023

## BSNV महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग में अनवरत फाउंडेशन के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम (Artificial Intelligence For All) पर एक जागरूकता सेमिनार

आज दिनांक 19.11.2022 को लखनऊ चारबाग स्थित BSNV महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग में अनवरत फाउंडेशन के द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम (Artificial Intelligence For All) पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें श्री शैलेश सिंह जी ने छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विषय पर बताया गया की सभी के लिए ए.आई.' एक स्व शिक्षण ऑनलाइन प्रोग्राम है जो जनजागरूकता बढ़ाने के लिए बनाया गया है. इसका मकसद हर तबके - विद्यार्थी, गृहणी, किसी क्षेत्र में पेशेवर, एक वरिष्ठ नागरिक- के लोगों के लिए, मूलतः, जो कोई इससे परिचित होने के लिए उत्सुक है और 'डिजिटल फर्स्ट मानसिकता' बनाना चाहता है, एआई को सरल बनाना है। यह प्रोग्राम दो खंडों में विभाजित है: एआई जागरूकता (अवेयर), एआई सराहना (एप्रिसिएट)। AI के आ जाने से हमारा जीवन कितना सहज एवम सरल हो गया है। उदाहरण के रूप में Google Assistant और Alexa के बारे में बताया गया। आज हम Internet पर Google Assistant की सहायता से बिना कीबोर्ड दबाए केवल वाइस की सहायता से कुछ भी कर सकते हैं ठीक इसी तरह Alexa के उपयोग से भी हम बिना कीबोर्ड के हम technology का उपयोग कर सकते हैं। आज के समय में बहुत सी एप्लीकेशन ऐसी है जो AI पर आधारित हैं। Chatboat इसका त्वरित उदाहरण है। वर्तमान समय में AI का उपयोग सैन्य विभाग में, अंतरिक्ष विभाग में, मौसम विभाग में और समाज के बीच में भी किसी न किसी रेस्टोरेंट में भी देखने को मिल रहा है। AI का उपयोग कर विभिन्न आद्योगिक संस्थान भी अपने कार्यों को आसान बना रहे हैं।

अंत में Computer प्रशिक्षक श्री सत्यव्रत पाण्डेय जी ने बताया की AI एक ऐसी तकनीकी है जो की मानव जीवन को सरल बनाती है। कुछ ऐसे स्थान है जहां पर मानव जीवन को खतरा बना रहता है वहां के लिए AI बहुत ही उपयोगी है और भविष्य में हर ऐसे स्थानों पर AI का उपयोग किया जायेगा।। साथ ही यह भी बताया की समय समय पर छात्रों के मार्गदर्शन हेतु सेमिनार आयोजित किए जाएंगे।



Digital India
Power To Empower
Ministry of Education
Government of India
intel.
Helping build a
Digital First Mindset
AI For All




intel

# BAPPA SRI NARAIN VOCATIONAL POST GRADUATE COLLEGE (KKV)

**STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001**






(Principal)
Prof. Sanjai Misra